अमर उजाला 12/10/2025

# साइबर सुरक्षा पर प्रेरक सेमीनार का आयोजन

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन सुरक्षा को समझना विषय पर एक अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्थान नवाचार परिषद, इंस्टीटयूट इनोवेशन काउंसलिंग (आईआईसी) तथा राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अंबाला पुलिस के साइबर थाना एवं साइबर सेल टीम से सब इंस्पेक्टर समर्पित, मुख्य सिपाही नवदीप तथा साइबर विशेषज्ञ बबिता ने विद्यार्थियों को साइबर अपराध की जटिलताओं और उनसे बचाव के उपायों पर गहन जानकारी प्रदान की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने अपने प्रेरक उद्‌बोधन में कहा, हमारे विद्यार्थी आज डिजिटल दुनिया में नए अवसरों और चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। संवाद